हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9


## खबर संक्षेप

### ड्रंक एक ड्राइव, जांच में फंसे 42 वाहन चालक

**रायपुर।** शराब के नशे में धुत होकर फर्राटे से गाड़ी दौड़ाकर आम लोगों का जीवन संकट में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने सघन अभियान चलाया। रविवार की रात शहर के 9 प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर आधुनिक ब्रीथ एनॉलॉइजर मशीनों से जांच की गई। इस दौरान 42 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई।

### संदेहियों की धरपकड़, होटल-लॉज जांच के दायरे में

**रायपुर।** दूसरे राज्यों से आकर राजधानी समेत प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान राजधानी के होटल, लॉज और धर्मशालाओं को जांच के दायरे में लाया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, सिविल लाइंस, देवेंद्र नगर, तेलीबांधा क्षेत्र के 89 होटल तथा लॉज की जांच की। जांच के दौरान मिले 17 संदिग्धों का सत्यापन किया गया।

### ई-रिक्शा से 1.74 लाख उड़ाने वाला 'मुर्गी' गिरफ्तार

**रायपुर।** किराना सामान खरीदने के बाद ई-रिक्शा में लोड कराने के दौरान डैशबोर्ड पर रखा 1.74 लाख रुपए भरा बैग पार करने वाले बदमाश संजय नगर, टिकरापारा के मो. शाहिद उर्फ मुर्गी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की इस दौरान घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज के विश्लेषण के दौरान आरोपी प्रार्थी के ई-रिक्शा से रुपए से भरा थैला निकालते हुए दिखाई दिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर एक लाख रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि सालभर पहले उसने डूमरतराई इलाके में इसी तरह से 2.70 लाख रुपए भरा बैग पार किया था।

### नशे के खिलाफ अभियान गांजा-टेबलेट समेत कई धरे गए

**रायपुर।** एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कई लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से गांजा, टेबलेट के साथ अन्य नशीली सामग्री बरामद की गई है। टीम ने गोलबाजार से मो. इसराइल को ढाई किलो गांजा, खम्हारडीह और न्यू राजेन्द्र नगर इलाके में नशीली टेबलेट बेचने वाले बदमाशों से मिली जानकारी पर ओडिशा के संजय नाग और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ की टीम ने अब तक कुल 27 प्रकरणों में 40 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 18 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कुल 58 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इन आरोपियों से गांजा, 2,230 नग नशीली टेबलेट, 30 नग नशीली सिरप, 285 नग नशीली इंजेक्शन, 20.79 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) एवं 5 ग्राम एमडी जब्त की गई।

# महिलाएं धान और चावल के दानों से बना रहीं आकर्षक राखियां और स्वतंत्रता दिवस बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत बलौदाबाजार जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ा रही हैं। जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लाहोद में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद करीब 150 महिलाएं धान और चावल के दानों से आकर्षक राखियां, स्वतंत्रता दिवस के लिए बैज तथा विभिन्न आर्ट उत्पाद तैयार कर रही हैं। आगामी रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए इन उत्पादों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन भी इनके विपणन की व्यवस्था कर महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की पहल कर रहा है।

## बिहान योजना से महिलाओं को मिली नई पहचान

### सशक्तीकरण की ओर बढ़ रहीं ग्रामीण महिलाएं

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल ने कहा कि ग्राम लाहोद की महिलाओं ने पैरा आर्ट के साथ-साथ धान और चावल से राखी बनाने की अनूठी कला सीखी है। इस पहल से महिलाओं को निश्चित रूप से आर्थिक लाभ मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी।



### पारंपरिक कला बन रही आय का स्रोत

वहीं जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एफ.सी. पटेल ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपनी पारंपरिक कला को आय का स्रोत बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। बिहान योजना का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है, जिसमें यह पहल एक सफल उदाहरण बनकर सामने आई है।

## धान-चावल आर्ट से महिलाएं गढ़ रहीं रोजगार, बढ़ेगी आय

राज्य शासन की पहल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को धान एवं चावल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपनी पारंपरिक कला और रचनात्मकता को रोजगार से जोड़ते हुए घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। महिलाएं राखी, बैज, पैरा आर्ट, खुमारी और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिन्हें स्थानीय



बाजारों और विभिन्न आयोजनों में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। वे घरेलू कार्यों के बाद खाली समय में इन उत्पादों का निर्माण करती हैं। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनकी कला को भी नई पहचान मिलेगी।

## बोनट में फंसे ड्राइवर और हेल्पर को कटर मशीन से काटकर निकाला गया

# ओवरटेक के प्रयास में खड़े ट्रक में जा घुसी पिकअप, एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

28 जुलाई मंगलवार की दोपहर 2 बजे बलौदाबाजार की ओर से आ रही एक पीकअप वाहन अंनियत्रित होकर ओवरटैक करने के चक्कर में रोड किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में चालक और हेल्पर के बीच में बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ड्राइवर और हेल्पर पीकअप की बोनट में ही फंस गये। जानकारी के अनुसार ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 22 ए.एफ, 9873 का चालक मुंडा चिरपोटा पुल के समीप अपनी ट्रेलर वाहन का ऑयल सर्विसिंग का काम करा रहा था। दोपहर 2 बजे का समय था। इसी दौरान बलौदाबाजार की ओर से पीकअप क्रमांक सीजी 04 पीसी 8605 का चालक बांयी तरफ से ओवरटेक करने के चक्कर में खड़ी ट्रक में जा घूसी, जिससे पीकअप का बोनट ड्राइवर व दो हेल्पर के गले में फंस गया, जिससे बीच में बैठे हुए व्यक्ति को गंभीर चोंट लगने व काफी खून बह जाने की वजह से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने पर लवन पुलिस मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए पीकअप में फंसे तीनों लोगों को कटर मशीन से निकाला गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई हैं।

- कटर से काटकर निकाले गए पिकअप में फंसे लोग

## लवन के पास भीषण सड़क हादसा

### जांच शुरू

जबकि ड्राइवर और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जिला अस्पताल बलौदाबाजार में चल रहा है। पीकअप वाहन को बेमेतरा का होना बताया जा रहा है। फिलहाल लवन पुलिस ने पीकअप वाहन और ट्रक वाहन को कब्जे में लेकर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।



### 108 एम्बुलेंस मदद से अस्पताल भेजा गया

घटना की सूचना मिलने पर लवन पुलिस मौके पर पहुंची और पीकअप में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया। एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद कटर मशीन से काटने के बाद पीकअप वाहन में फंसे चालक, हेल्पर व मृतक को निकाला गया। पीकअप के बीच में बैठा व्यक्ति का काफी गंभीर स्थिति में फंसने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ड्राइवर व हेल्पर मदद की गुहार लगा रहे थे। पीकअप में फंसे तीनों लोगों को पुलिस और आम नागरिकों की मदद से निकाला गया। जिसके बाद तत्काल 108 एम्बुलेंस वाहन से जिला अस्पताल बलौदाबाजार भेजा गया।

## खेत में रोपा लगाने गए दंपत्ति को लगा करंट अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

बारिश के मौसम में खेतों में लगाए गए झटका तार कितने खतरनाक हो सकते हैं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। पलारी ब्लॉक के ग्राम रिवाडीह में एक मजदूर दंपत्ति इसी खतरे की चपेट में आ गया। खेत में रोपा लगाने गए 57 वर्षीय दुकालु साहू और 54 वर्षीय हेमिन बाई को खेत में लगे झटका तार से करंट लग गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल दोनों को पलारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

दंपत्ति गांव के ही एक किसान के खेत में धान की रोपाई करने गए थे। इस दौरान खेत में फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए झटका तार लगाया गया है। बारिश के कारण खेत की मेड़ गीली थी और दोनों के हाथ-पैर भी गीले थे। जैसे ही वे मेड़ पर चलते हुए तार को छू गए, करंट ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं किसान ने साथ में काम करे रहे लोगों की मदद से दोनों को ▸▸ शेष पेज 13 पर

## कान्यकुब्ज युवा संगिनी समिति ने पहंदा में किया पौधारोपण, 100 पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पर्यावरण संरक्षण और हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कान्यकुब्ज युवा संगिनी समिति, बलौदाबाजार द्वारा ग्राम पहंदा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ समिति ने अपनी वार्षिक परंपरा को निभाते हुए ग्रामवासियों के सहयोग से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

समिति की अध्यक्ष गायत्री शुक्ला एवं संरक्षिका डॉ. प्रभा शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में फलदार पौधों के साथ नीम, पीपल और बरगद जैसे छायादार एवं पर्यावरण के लिए उपयोगी वृक्षों का रोपण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों के



विकसित होने से गांव का वातावरण अधिक स्वच्छ एवं हरा भरा बनेगा तथा लोगों को शुद्ध वायु और छाया का लाभ मिलेगा।इस अवसर पर डॉ. प्रभा शुक्ला ने ग्रामीणों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण में ▸▸ शेष पेज 13 पर

## महामाया मंदिर परिसर का हुआ सौंदर्यीकरण

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत देवरानी स्थित प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर परिसर के विकास को नई सौगात मिली है। मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन धार्मिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर विकास कार्य का शुभारंभ किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने ग्रामीणों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। अश्वनी शर्मा ने कहा कि धार्मिक स्थल हमारी ▸▸ शेष पेज 13 पर



## आत्मानंद स्कूल की छात्राओं ने जाना कानूनी अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल सिमगा में मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चाइल्ड प्रोटेक्शन, नोनी सुरक्षा योजना, मातृत्व वंदन योजना एवं सखी निवास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी द्वारा अधिनियम 2005 के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों की जानकारी के साथ साथ किशोरी बालिका को बाल विवाह एवं कम उम्र में प्रेम संबंधों से होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों पर संवाद कर जागरूक किया गया। छात्राओं को यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर वाहन चलाने पर यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के नवा बिहान संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी, मिशन शक्ति समन्वयक प्रीती नवरत्न, नम्रता साहू, सखी वन स्टाप सेंटर प्रभारी रीना महतो, केस वर्कर मोहिनी साहू, नीरा निषाद, पैरामेडिकल कार्मिक नमिता साहू, कार्यालय सहायक प्रीति ग्वालानी, यातायात विभाग से जागेश्वर प्रसाद प्राचार्य गीता लहरें, पार्षद प्रतिनिधि माया सलूजा आदि उपस्थित थे।

- सुरक्षा योजनाओं और साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी से भी हुए अवगत

### सखी वन स्टॉप सेंटर ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों के प्रति किया जागरूक

महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित सखी वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रभारी रीना महतों द्वारा बताया गया कि हिंसा उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार कि संकटग्रस्त महिला व बालिका को एक ही स्थान पर आश्रय परामर्श चिकित्सा कानूनी सहायता विधिक सहायता की जानकारी दी गई।साथ ही छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। उन्हें फिशिंग काल एवं संदेशों से सतर्क रहने अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने ओटीपी पासवर्ड एवं बैंक संबंधित गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करने सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने संदिग्ध ई-मेल वेबसाईट से दूर रहने की जानकारी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत स्कूल परिसर में पार्षद मनीषा सलूजा व यातायात विभाग के सहयोग से फलदार वृक्ष व आयुर्वेदिक पौधे को एक पेड़ बेटी के नाम लगाकर छात्राओं के द्वारा सुरक्षा का संकल्प लिया है।

## विद्यार्थियों को दिया यातायात सुरक्षा का संदेश

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिलेभर के स्कूलों में पुलिस ने कराया निबंध-वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मंगलवार को बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूलों में निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।





थाना पलारी पुलिस ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पलारी में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र निर्माण एवं राष्ट्रीय एकता में पुलिस की भूमिका रही। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार यातायात शाखा बलौदाबाजार की टीम ने ग्राम मोहतरा, असनींद और कसडोल के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में पहुंचकर ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### कोटा शराब दुकान के विरोध में आबकारी आयुक्त को ज्ञापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कोटा मोहबा बाजार में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को क्षेत्र के लोगों ने आबकारी विभाग के आयुक्त पदुम सिंह अल्मा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। होरीलाल सहित क्षेत्र में रहने वाले अन्य लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आबकारी आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व जनआक्रोश के कारण कोटा मोहबा बाजार से शराब दुकान को विभाग ने हटाया था, लेकिन दुकान को उसी क्षेत्र में पुनः खोल दी गई है। इससे लोगों में दोबारा आक्रोश व्याप्त है। होरीलाल ने बताया कि 3 मई 2025 को शराब दुकान के वापस खुलने पर कलेक्टर को पूर्व में ज्ञापन सौंप चुके है। इस पर उचित आश्वासन नहीं मिलने पर 20 सितंबर 2025 को बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

### नए मेडिकल कालेजों को मिले 9 टीचर

**रायपुर।** राज्य के चार नए शासकीय मेडिकल कालेज में कुल 9 संविदा चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्ति आदेश में कबीरधाम मेडिकल कालेज के खाते में एक शिक्षक भी नहीं आया है। वहीं मनेन्द्रगढ़ के बायोकेमेस्ट्री विभाग में एक प्राध्यापक, जशपुर के फिजियोलॉजी विभाग को एक एसोसिएट प्रोफेसर मिला है। वहीं चार असिस्टेंट प्रोफेसर की तैनाती मनेन्द्रगढ़, 2 की जांजगीर-चांपा तथा एक को दंतेवाड़ा के शासकीय मेडिकल कालेज में पदस्थ किया गया है। इन्हें क्रमशः 2.25 लाख, 1.85 तथा 1.25 लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। इनकी नियुक्ति एक वर्ष अथवा नियमित चिकित्सा शिक्षक मिलने तक के लिए की गई है।

### समृद्धि यादव को मिला अंतर्राष्ट्रीय नृत्य सम्मान




**रायपुर।** रायपुर स्थित कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो अकादमी की प्रतिभाशाली छात्रा समृद्धि यादव को द्वितीय कलिंग उत्सव-2026 के तहत अंतर्राष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव में उत्कृष्ट भरतनाट्यम कलाकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय नृत्य कलिंग राजश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन 25 एवं 26 जुलाई को कला विकास केंद्र, कटक (ओडिशा) में आयोजित हुआ। समृद्धि यादव वर्तमान में कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो अकादमी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में गुरु हरीश बहादुर के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की नियमित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह उपलब्धि केवल समृद्धि यादव की व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो अकादमी, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा तथा पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति नई पीढ़ी में रुचि एवं समर्पण को बढ़ावा देने वाली प्रेरणादायक मिसाल है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए तीन का चयन

**तेंदूकोना।** तेंदूकोना क्षेत्र से प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में प्रथम सूची में शिवानी साहू, तनुज बरिहा, कोमल बरिहा का चयन रायपुर औऱ बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों लिए हुआ है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में वर्ष 2025 से संचालित संकल्प-एक प्रयास निःशुल्क कोचिंग संस्था में अध्ययनरत थे। ये कक्षाएं प्रत्येक शनिवार औऱ रविवार को विद्यालय में संचालित होती थी। उनकी इस सफलता में विद्यालय परिवार के पूर्व प्राचार्य एसएस दीवान, वर्तमान प्राचार्य आरएन प्रधान औऱ समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया।

---

**आयोजन : 1800 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित, सभी ब्लॉकों में अभियान जारी**

# छात्रों को पढ़ाया गया सड़क सुरक्षा का पाठ यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और बच्चों व युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में ग्राम रोहरा, हथबंद तथा नगर पंचायत कसडोल के विभिन्न स्कूलों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, यातायात संकेतों का पालन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाने, ट्रिपल राइडिंग से बचने तथा स्टंटबाजी नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही ई-चालान प्रणाली और शहर में लगे सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से नियम उल्लंघन पर की जा रही निगरानी की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिल सकती है। वहीं राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अलावा हिट एंड रन मामलों में मृतक के परिजनों को 2 लाख तथा घायल को 50 हजार की सहायता राशि का प्रावधान भी बताया गया।यातायात पुलिस के अनुसार, इस विशेष अभियान से अब तक जिले के 1800 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में लगातार जारी रहेगा तथा आम नागरिकों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आने की अपील की गई है।



## हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ छात्रसंघ चुनाव



**खरोरा।** मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में 25 जुलाई को छात्रसंघ का चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।चुनाव उपरांत विभिन्न पदों के लिए निर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को विद्यालय के प्राचार्य पीएन साहू द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अनुशासन बनाए रखने, टीम भावना के साथ कार्य करने तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुए विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने का संदेश दिया। निर्वाचित पदाधिकारियों में शाला नायक पुष्कर वर्मा, उप शाला नायक चंदन बंजारे, स्वच्छता प्रमुख रितेश नायक, क्रीड़ा सचिव कुणाल वर्मा, सांस्कृतिक सचिव तनुषा गेंदरी एवं अनुष्का टंडन, अनुशासन प्रमुख सुंदरम सेन तथा करण सूर्यवंशी शामिल हैं।

## भरत देवांगन स्कूल में हुई चित्रकारी प्रतियोगिता

**खरोरा।** भरत देवांगन उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 थीम पर चित्रकारी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक सोच से कैनवास पर सुंदर चित्र उकेरे। बच्चों ने अपनी पेंटिंग्स के जरिए देश के पात्र परिवार को मिलने वाले सम्मानजनक पक्के मकान, स्वच्छ वातावरण और खुशहाल जीवन की बेहद खूबसूरत और सजीव झलकियां प्रस्तुत कीं । पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने बताया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनमानस को प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी 2.0 के लक्ष्यों, इसकी पात्रता और आमजन के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के प्रति जागरूक करना था। सृजन और कला के इस बेहतरीन प्रयास के लिए सभी छात्रों और विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के सी एम ओ ओम प्रकाश सिंग और प्रज्जवल शर्मा उपस्थित थे।



## बच्चों ने ग्रीन डे पर बिखेरे प्रकृति के रंग



**खरोरा।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अमन पब्लिक स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल परिसर पूरी तरह प्रकृति के रंग में रंगा नजर आया।

सभी बच्चे हरे रंग के आकर्षक परिधानों में स्कूल पहुंचे। इस दौरान कई बच्चे विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों और औषधियों का रूप धारण कर आए, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। बच्चों ने अपने अभिनय और प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

शिक्षकों ने बढ़ाया उत्साह विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजलि देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका आकांक्षा देवांगन, माया राजपूत, शालिनी जायसवाल, प्रगति देवांगन, पिंकी पटेल, यशोदा यादव, दुर्गा वर्मा, मोना निर्मलकर, नम्रता यादव, फातिमा खान, शबनम खान, मुस्कान वर्मा और जागृति मार्कंडे का सराहनीय योगदान रहा। स्कूल के कर्मचारियों ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। शबाना, पुष्पा और प्रमोदनी सहित सभी कर्मचारियों के विशेष सहयोग से यह आयोजन अनुशासित और भव्य रहा। सभी ने मिलकर भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने और धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

## स्कूल चले हम रैली से गूंजा आलेसुर, शिक्षा के अधिकार का दिया संदेश




**खरोरा।** विकासखंड तिल्दा के ग्राम आलेसुर में आओ स्कूल चले हम जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक युधिष्ठिर बुड़ेक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व पर आधारित नारों के माध्यम से ग्रामीणों को विद्यालय से बाहर एवं शिक्षा से वंचित बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने तथा प्रत्येक बच्चे की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय परिसर की दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग एवं प्रेरक शैक्षिक स्लोगन लिखकर जन-जागरूकता का अनूठा प्रयास किया गया। कार्यक्रम में खुशहाल बचपन परियोजना की डिसट्रिक्ट प्रोग्राम एसोसिएट रुकसाना खान, कम्युनिटी एजुकेटर कुसुमलता साहू एवं सरिता मधुकर, एकेडमिक मेंटर गीतांजलि यदु, शिक्षाविद् डॉ. हरीश वैष्णव तथा विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू और चंद्रशेखर रात्रे सहित विद्यालय परिवार, समुदाय के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि ग्राम का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा और प्रत्येक बच्चे की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आओ स्कूल चले हम/” जैसी जन-जागरूकता पहलें शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करती हैं। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी आयोजकों, शिक्षकों, परियोजना टीम, समुदाय एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## पीएम श्री विद्यालय छात्रसंघ निर्वाचन में विद्यार्थियों को मिली जिम्मेदारी



**खरोरा।** विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में छात्रसंघ निर्वाचन कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

निर्वाचन परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं की मोनिका छात्रसंघ अध्यक्ष, कक्षा 11वीं की आरती यादव उपाध्यक्ष, कक्षा 12वीं की सानिया यादव छात्रा प्रतिनिधि, कक्षा 12वीं के कुणाल वंशे सचिव, कक्षा 11वीं की नौहीद खान सांस्कृतिक सचिव, कक्षा 12वीं के गौतम देवांगन अनुशासन सचिव, कक्षा 12वीं के सन्नी पटेल क्रीड़ा सचिव, कक्षा 12वीं की रागिनी साहित्यिक सचिव, कक्षा 12वीं की वंशिका बंजारे विज्ञान सचिव, कक्षा 12वीं के युवराज साहू वाणिज्य सचिव तथा कक्षा 12वीं के हिमांशु कला सचिव निर्वाचित हुए।

इसी प्रकार एनएसएस दलनायक के रूप में अमनराज आडिले, एनएसएस उपदलनायक के रूप में प्रियंका मानिकपुरी, स्काउट दलनायक शिवम् यादव, स्काउट उपदलनायक अमन बंजारे, रोवर दलनायक राज, रोवर उपदलनायक दीपक देवांगन, रेंजर दलनायक रोहिणी धीवर, रेंजर उपदलनायक ऐश्वर्य, गाइड दलनायक प्रियंका डहरिया तथा गाइड उपदलनायक किरण यादव निर्वाचित घोषित किए गए।

छात्रसंघ निर्वाचन का सफल संचालन विद्यालय के संयोजक मंडल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, चमेली ठाकुर, सुनीता सिंह, एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

निर्वाचन परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज एवं व्याख्याता शाहिना परवीन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के सपनों को मिली नई उड़ान

- पीएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुहेला में 52 छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें



**सुहेला।** राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुहेला में मंगलवार को साइकिल वितरण की गई। योजना के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम की 15 एवं हिंदी माध्यम की 37 कुल 52 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलने से छात्राओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं के तिलक एवं स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य डीपी कोसले ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। इसके बाद अतिथियों के हाथों छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। प्राचार्य ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी और छात्राओं की नियमित उपस्थिति के साथ शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा।

कार्यक्रम में उप सरपंच देवेंद्र घृतलहरे, जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, सरपंच संघ सिमगा के अध्यक्ष दिनेश चवरे, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, लेखराम वर्मा, रेवाराम वर्मा, हेमलाल पाटरे, सतीश कुमार देवदास, राजू वर्मा, राजाराम नायक, संतोष कुमार पाल तथा शासकीय मिडिल स्कूल सुहेला के प्रधान पाठक राजेश मानसरोवर सहित गणमान्य नागरिक, पालकगण एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन के प्रति आभार जताया। अतिथियों ने सभी छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने और अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## आत्मानंद स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

**भाटापारा।** राष्ट्रीय एकता दिवस अंतर्गत यातायात पुलिस टीम द्वारा मयुर क्लब स्कूल पंचम दीवान हायर सेकंडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल में वाद - विवाद, पेंटिग एवं निबंध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों को नियमों का पालन, नशे से दूरी और आधुनिक सर्विलास की जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने का महत्व समझाया गया। बच्चों को प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार रखने वाद विवाद एवं निबंध के माध्यम से अभिव्यक्त करने सीट बेल्ट का महत्व, यातायात संकेतों का पालन करना, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठाना, खतरनाक स्टंटबाजी से बचना और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाना संबंधी टापिक पर अपने विचार रखने प्रतियोगिता रखी गयी, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने इस अभिनव पहल को खुब सराहा यह जागरूकता प्रत्येक ब्लांक, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम का उददेष्य छात्र जीवन से बच्चो में यातायात नियम के प्रति सजगता लाना है ।



## हाई स्कूल ईल्दा में पौधारोपण अभियान और छात्राओं को साइकिलों का वितरण



**खरोरा।** हाई स्कूल ईल्दा में पौधारोपण और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए। साथ ही शासन की योजना के अंतर्गत 19 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ईल्दा के सरपंच धनेश साहू, पंच परस साहू, गोपी साहू एवं नीलकमल कन्नौजे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कनकी हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य सुश्री सीमा मेश्राम मैडम, हाई स्कूल ईल्दा की प्राचार्य चांदनी यदुवंशी, प्राथमिक शाला के एसएमसी अध्यक्ष चरण साहू, कनकी संकुल समन्वयक भुनेश्वर वर्मा, ईल्दा संकुल समन्वयक लखेश्वर वर्मा, वरिष्ठ नागरिक पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा वृक्षों की नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। अंत में सभी ने अभियान को सफल बनाने का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की हुई बैठक

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की प्रदेश कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के रिश्ते तय होने में आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए रायपुर में अविवाहित युवक-युवती, कात्यायनी एवं परित्यक्ता परिचय सम्मेलन का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों एवं परिवारों को एक मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों को सुगम बनाना है। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. मल्लिका मिश्रा को नारीशक्ति प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष, साधना शुक्ला को रायपुर जिला अध्यक्ष, श्वेता शर्मा को रायपुर शहर अध्यक्ष तथा मनोरमा त्रिपाठी को रायपुर जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया।

### 10 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम उड़ेला में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के मामले में कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई को मुखबिर की सुचना पर पुलिस ग्राम उड़ेला पहुंची, जहां बाधा जाने वाली कच्ची रोड किनारे पेड़ के पास आरोपी कोमल कुमार बसंत पिता गनपत बसंत उम्र 38 साल निवासी लोहडीपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से पांच-पांच लीटर वाली पीला कलर के दो प्लास्टिक जरीकेन में करीबन 5-5 लीटर भरी हाथ से निर्मित महुआ शराब कुल करीब 10 लीटर कीमती 2000 रुपए जब्त किया गया हैं। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### बीज निगम के पास बुजुर्ग गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठा स्थित बीज निगम के पास पुलिस ने अवैध शराब के मामले में कार्रवाई कर बुजुर्ग को पकड़ा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 26 जुलाई को पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर पहुंचकर आरोपी पराउ निषाद पिता दुखीराम निषाद उम्र 60 साल निवासी मोंहदा को पकड़ा, आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए बरामद किया गया।

### मारपीट कर दांत से काटने के आरोप में केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम लोहडीपुर में मारपीट कर दांत से काटने के आरोप में शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम लोहडीपुर निवासी पुखराज टंडेन ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई को प्यारेलाल छत्रे मोटर सायकल कहीं छोड़ दिया था, जिसे पुखराज ने खोजबीन कर लाया था और 27 जुलाई को उसके मोटर सायकल को देकर नहाने के लिए अपने गांव के तालाब जा रहा था।

समक्ष पब्लिक नोटरी, लवन
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)
// शपथपत्र //
अविनाश खुटे पिता मन्नूलाल खुटे जाति- सतनामी उम्र-30 वर्ष निवास ग्राम-वार्ड 03 लवन, तहसील-लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)
..........शपथकर्ता
मैं शपथकर्ता निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-
01. यह कि मेरा नाम वो पता उपरोक्तानुसार है
02. यह कि मेरे द्वारा अपना पासपोर्ट बनवाने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया हूँ। जिसके लिये मेरे द्वारा जरुरी दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
03. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 9565 3105 1633 में मेरे पिताजी का नाम मन्नूलाल खुटे दर्ज है। तथा मेरे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं अन्य दस्तावेजो में मेरे पिताजी का नाम मन्नू लाल दर्ज है।
04. यह कि यह शपथपत्र मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरे पिताजी का नाम मन्नूलाल खुटे तथा मेरे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं अन्य दस्तावेजो में दर्ज मन्नू लाल मेरे पिताजी का ही नाम ही जो कि एक ही व्यक्ति है जिसके संबंध में प्रस्तुत है।
शपथकर्ता
अविनाश खुटे
// सत्यापन //
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 04 तक में वर्णित कथन सत्य व सही है जिसे पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
दिनांक 27/07/2026
सत्यापनकर्ता
अविनाश खुटे

## आधुनिक सिंचाई से कृषि उत्पादन और आय बढ़ाने की पहल

# संयंत्र ने 40 किसानों को दिए वॉटर लिफ्टिंग पंप व मोनोब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदीह सीमेंट वर्क्स के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा शाकंभरी योजना के तहत निकटवर्ती छह ग्रामों के 40 किसानों को पेट्रोल संचालित वॉटर लिफ्टिंग पंप एवं मोनोब्लॉक वितरित किए गए। ग्राम ढनढनी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक सिंचाई संसाधन उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

कार्यक्रम में कृषि अधिकारी सुचिन वर्मा ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शाकंभरी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि अनिश्चित वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक सिंचाई संसाधन अत्यंत आवश्यक हैं। वॉटर लिफ्टिंग पंप समय पर सिंचाई सुनिश्चित करेंगे, जिससे फसल उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने उपकरणों के सुरक्षित संचालन एवं रखरखाव की जानकारी भी दी।

पेट्रोल संचालित वॉटर लिफ्टिंग पंप एवं मोनोब्लॉक शासन के अनुदान, किसान अंशदान तथा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से उपलब्ध कराए गए। इस साझेदारी से किसानों को आधुनिक सिंचाई संसाधन प्राप्त हुए हैं, जो जल प्रबंधन, कृषि उत्पादकता और आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।

सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने लाभान्वित किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। किसानों की समृद्धि से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी सुचिन वर्मा, ग्राम सेवक शिव वर्मा, ढनढनी के सरपंच प्रतिनिधि रंजीत ध्रुव, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, सरकीपार के सरपंच प्रतिनिधि राकेश वर्मा, कुकुरदी के सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर टीम के दयाराम वर्मा, प्रशिक्षणार्थी परमेश्वर साहू, दुर्गा प्रसाद तथा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

## संयंत्र ने खपराडीह स्कूल को दी कंप्यूटर लैब की सौगात



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने ग्रामीण विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खपराडीह में आधुनिक कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में स्थापित इस लैब का उद्घाटन ग्राम पंचायत खपराडीह के सरपंच गजेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य भानूप्रताप वर्मा तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने किया।

कंप्यूटर लैब में आठ आधुनिक कंप्यूटर सेट के साथ टेबल, कुर्सियां, आलमारी, राइटिंग बोर्ड, नोटिस बोर्ड, डस्टबिन, फुटमैट एवं एयर ब्लोवर जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम में उपसरपंच मधु नायक, पंच दीपक बघमार, अशोक भारद्वाज, प्रदीप निर्मलकर, परमेश्वर साहू, मोनिका बघमार, रेणु बलराम वर्मा, ममता वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष महेत्तर लाल वर्मा, प्राचार्य डी.एन. वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। नई कंप्यूटर लैब से छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर संचालन, डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगारोन्मुखी कौशल का विकास होगा। विद्यालय प्रबंधन एवं जनप्रतिनिधियों ने इस सहयोग के लिए अल्ट्राटेक रावन सीएसआर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पाण्डेय तथा टीम के सुरेंद्र यादव, ताराचंद वर्मा और साहिल बांधे की विशेष भूमिका रही।

# हथबंद में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना,शाला प्रबंधन विकास समिति, पालकगणों की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद मात्रा में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सीमेंट के गोपाल सर ने स्वयं सेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्य के लिय बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। शाला समिति के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शाला के विकास में हर संभव सहयोग देने की बात की। जनपद सदस्य प्रतिनिधि अंजू बबलू पटेल ने एक पेड़ मां के नाम पर अभियान को सफल बनाने की अपील की शाला समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष धर दीवान ने स्वयं सेवकों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेनेवकी अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने प्रकृति की रक्षा एवं सुरक्षा के लिय स्वयंसेवकों को आगे आने की अपील करते हुए रोपित पौधों की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों को संकल्प दिलाया। संस्था के प्राचार्य सी के नायक ने आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सिमगा के पूर्व अध्यक्ष मोहन धिकडे, सहकारी समिति हथबंद के अध्यक्ष धनेश निषाद, समिति के पूर्व उपाध्यक्ष जीतू यादव, ग्राम हथबंद के सरपंच ढाकेश्वरी नरेश अनंत, पांच विजय निषाद, संतराम ध्रुव, पूजा पाल, मंजू निषाद, श्री सीमेंट के रंजन, पालकगण, शिक्षकगण, विद्यार्थियों उपस्थित थे।

# सेक्टर स्तरीय महिला जनजागरूकता और समस्या समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



ग्राम हरिनभट्ठा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर स्तरीय महिला जनजागरूकता एवं समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच जानकी सोनवानी, मंजू तिवारी जिला संरक्षण अधिकारी, प्रीति नवरत्न जिला मिशन समन्वयक, नागेश यादव विधिक प्राधिकरण, सिमगा तथा नेहा सोनवानी, पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग, सिमगा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुश्री मंजू तिवारी द्वारा घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला हेल्पलाइन (181) के संबंध में जानकारी देते हुए महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। नागेश यादव द्वारा बाल विवाह निषेध, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा महिलाओं एवं किशोरियों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी महिलाओं को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने, बाल विवाह का विरोध करने तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या अपराध की सूचना संबंधित विभाग को तत्काल देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं पर चर्चा की तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों की जानकारी देना एवं शासन की विभिन्न सहायता सेवाओं से जोड़ना रहा।

### घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट के आरोप में महासमुंद थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ड नं. 10 भुरका महासमुंद निवासी ओमलाल साहू 27 जुलाई को भूपेंद्र साहू के साथ घर का सामान लेने महासमुंद गया था. सामान लेकर वापस घर आकर देखा तो उसके घर के पास रोड में लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य लोग शराब पी रहे थे, जिसे मना करने पर उन्होंने ओमलाल और भूपेंद्र साहू को अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं बांस के डंडे से मारपीट करने लगे, उतने में ओमलाल का बेटा कुलेश्वर साहू आया और बीच बचाव किया तो उसे भी मारने लगे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# प्राथमिक शाला भरसेली के छात्रों का नवोदय और एकलव्य विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रवान



संकुल केन्द्र भरसेला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भरसेली की छात्रा स्वर्णा ध्रुव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। वहीं विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी आंचल ध्रुव, महक ध्रुव, एवं तुषार ध्रुव, चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सोनाखान के लिए हुआ है।

यह सफलता विद्यार्थियों की सतत मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। नवोदय एवं एकलव्य जैसे प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में चयन किसी भी विद्यार्थी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है तथा पूरे संकुल क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चयनित विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, संकुल एवं क्षेत्र का नाम निरंतर रोशन करेंगे।

संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने कहा कि संकुल के सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित शैक्षणिक गतिविधियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी का सकारात्मक परिणाम आज विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

विद्यालय के प्रधानपाठक लेखनी ध्रुव सहित शिक्षक जितेन्द्र वर्मा, राजेश्वरी पुरेना, प्रणिता कश्यप एवं गरिमा गोरे ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी प्राथमिक शाला भरसेली के विद्यार्थी शिक्षा, खेल एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और संकुल केन्द्र भरसेला का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे।

## पेज 11 के शेष

### खेत में रोपा...

अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीण इलाकों में आवारा पशुओं से फसल बचाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए किसान खेतों के चारों ओर कंटीले तार या झटका तार लगाते हैं, ताकि जानवर खेत में घुसकर फसल को नुकसान न पहुंचा सकें। बरसात के दिनों में खेतों की मेड़ गीली रहती है और अगर तार से करंट लीक हो रहा हो या तार में उचित कोटिंग न हो तो ऐसे हादसे हो जाते हैं और बारिश के दौरान इसमें करंट आ जाते हैं । इस घटना के बाद एसडीएम दीपक निकुंज पलारी ने किसानों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के समय इस तरह के हादसों की संभावना अधिक रहती है, इसलिए किसान खेतों में झटका तार लगाते समय विशेष सावधानी बरतें। साथ ही, जब भी मजदूर या कोई व्यक्ति खेत में काम करने जाए, तो उस दौरान करंट की सप्लाई बंद रखी जाए। किसानों को चाहिए कि वे झटका तार लगाते समय तार कोटिंग का ध्यान करें, तार को जमीन से काफी ऊंचाई पर लगाएं और चेतावनी बोर्ड जरूर लगाएं। सबसे महत्वपूर्ण बात, खेतों में काम करने वाले मजदूरों को इस खतरे के बारे में जानकारी देना और काम के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखना आवश्यक है। फिलहाल घायल दंपत्ति की स्थिति खतरे से बाहर है और वे इलाज के बाद जल्द ठीक होने की उम्मीद है।

### कान्यकुब्ज युवा संगिनी ...

उनकी भूमिका तथा पौधों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। समिति की अध्यक्ष गायत्री शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी समिति ने कम से कम 100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम में दीप्ति मिश्रा, अर्चना त्रिवेदी, नम्रता शुक्ला, श्रद्धा दुबे, रानी वाजपेयी, स्वाती मिश्रा, प्रीति वाजपेयी, गुड्डन तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, प्रतिमा तिवारी, लीना वाजपेयी, पूनम तिवारी, आशी मिश्रा, श्रेया त्रिवेदी, शीला दीक्षित, गौरी शुक्ला, संध्या वाजपेयी सहित समिति की सदस्याएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महामाया मंदिर परिसर...

आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता के केंद्र हैं। इनका विकास केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प है। हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधायुक्त वातावरण मिले। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, मंदिर समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओ ने अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस...

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। वहीं, यातायात सिमगा पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जबकि यातायात शाखा भाटापारा ने मयूर क्लब स्कूल में निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई।


विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता एवं यातायात सुरक्षा विषय पर उत्साहपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ट्रिपल राइडिंग से बचने, यातायात नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष अश्वनी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** जय स्तंभ चौक स्थित भारत माता परिसर में आयोजित 28वें कारगिल विजय दिवस समारोह में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कारगिल युद्ध में देश की संप्रभुता और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य शौर्य, साहस एवं राष्ट्रभक्ति को नमन किया। समारोह में देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों के सम्मान में शहीद परिवारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण करने का दिन नहीं, बल्कि भारत के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का अवसर है। हमारे वीर जवानों ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अद्भुत पराक्रम का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा की। उन्होंने अपने प्राणों की चिंता किए बिना तिरंगे की आन, बान और शान के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। समारोह में उपस्थित जनों ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

### राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग

**रायपुर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने पेंशनरों को 2 प्रतिशत राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग शासन से की है। पेंशनरों को केंद्र शासन के अनुरूप 1 जुलाई से 2 प्रतिशत राहत पेंशन भुगतान के लिए स्वीकृति आदेश जारी नहीं किया गया है, जबकि अनेक राज्य उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तरांचल, बिहार, ओडिशा एवं झारखण्ड आदि द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इस संबंध में तत्काल भुगतान आदेश जारी करने की आवश्यकता है। इस मौके पर श्री भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार राज्य शासन द्वारा 120 दिनों (31 जुलाई) की अवधि में छठवें वेतनमान के 32 माह और सातवें वेतनमान के 27 माह के लंबित एरियर्स का भुगतान करने का आदेश अब तक जारी नहीं किया गया है, जिससे पेंशनर संघों में नाराजगी है। 6 लाख पेंशनरों के हित में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा द्वारा ऐतिहासिक निर्णय के क्रियान्वयन प्रदेश के पेंशनरों को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत पेंशनरी भुगतान के लिए सहमति की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।

### पानी पाउच, पानी बोतल फैक्ट्री संचालन पर कार्रवाई

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तात्यापारा वार्ड के औचक निरीक्षण के दौरान आवासीय क्षेत्र में हरिओम इंडस्ट्रीज द्वारा पानी पाउच और पानी बोतल की फैक्ट्री संचालित किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर दोनों फैक्ट्री के संचालकों पर 25- 25 हजार रुपए ई जुर्माना किया गया। जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिलने पर सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते ई जुर्माना कर जनशिकायत का जोन स्तर पर निदान किया गया।

### बेकरी में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गंदगी से संबंधित जनशिकायत को संज्ञान में लेकर जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया की उपस्थिति में बाजार क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने जन शिकायत वाले स्थल पर गंदगी मिली। संबंधित मोहन बेकरी के संचालक पर निगम जोन 2 की टीम ने 5 हजार रुपए रूपये का ई चालान किया।

# अमरनाथ यात्रा के लिए इल्दा बोल बम कांवड़िया समिति के 23 श्रद्धालु रवाना

## अमरनाथ यात्रा के साथ कश्मीर भ्रमण पर जाएगा श्रद्धालुओं का जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हिमालय की मनोरम वादियों में स्थित पवित्र बाबा बर्फानी धाम अमरनाथ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्राकृतिक रूप से बनने वाला हिम शिवलिंग भगवान शिव के दिव्य स्वरूप का प्रतीक माना जाता है। प्रत्येक वर्ष सावन माह में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु कठिन पर्वतीय मार्ग पार कर बाबा बर्फानी के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।

इसी क्रम में खरोरा के समीप स्थित ग्राम ईल्दा की बोल बम कांवड़िया समिति के 23 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को तिग्गड चौक से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को ग्रामीणों एवं परिजनों ने बाबा भोलेनाथ के जयघोष के साथ भावभीनी विदाई दी। यात्रा में प्रमुख श्रद्धालुओं में घनश्याम साहू, रामेश्वर धीवर, परमानंद साहू, हेमलाल साहू, राधे साहू, युगल साहू, समेलाल धीवर, अश्विनी धीवर, रूपसिंह यादव, सुखराम धीवर, मनोज धीवर, बिहारी धीवर, दुकलहा धीवर, लाला धीवर, जुगेश साहू, परमानंद धीवर, सुरेंद्र साहू सहित अन्य कांवड़िये शामिल हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि अमरनाथ यात्रा का मार्ग अत्यंत दुर्गम और चुनौतीपूर्ण है, लेकिन बाबा भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ सभी भक्त उत्साह एवं जोश से यात्रा पर निकले हैं।



### 8 अगस्त को लौटेगा श्रद्धालुओं का जत्था

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भी सावन माह में अमरनाथ यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु 2 अगस्त को बालटाल मार्ग से अमरनाथ गुफा की ओर प्रस्थान करेंगे तथा पहलगाम, चंदनबाड़ी और शेषनाग होते हुए बाबा बर्फानी के दर्शन एवं जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद सभी श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे तथा कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे डल झील, मुगल गार्डन, शालीमार गार्डन, शंकराचार्य मंदिर और राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करेंगे। जत्था 8 अगस्त 2026 को ग्राम इल्दा खरोरा वापस लौटेगा।

**आयोजन : अगले साल 20 फरवरी तक चलेगा**

# गुरु रविदास की जयंती पर भाजपा का आज से शुरू होगा समरसता संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम आयोग के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने बताया कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 माघ पूर्णिमा तक देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के साथ आयोजित होगा।

कावड़िया ने कहा कि अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने जातिवाद, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष करते हुए समानता और आत्मसम्मान का संदेश दिया। उनका बेगमपुरा का दर्शन आज भी भेदभावमुक्त और न्यायपूर्ण समाज की प्रेरणा देता है।

उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव से होगी। इसके तहत 51 हजार स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे, जबकि वाराणसी के संत रविदास घाट पर 11 हजार दीप जलाए जाएंगे। कार्यक्रमों में भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, धार्मिक प्रवचन और प्रसाद वितरण भी होगा।

कावड़िया ने बताया कि 29 जुलाई से 10 सितंबर तक कलश वंदन अभियान, 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावास संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा संत गुरु रविदास से जुड़े प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास का भी संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनजागरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, मंदिर समितियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री विजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी आलोक अग्रवाल, जिला मंत्री रितेश श्रीवास्तव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन उपस्थिति अन्यथा वेतन रोकने के आदेश का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव।

छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ ने संचालक लोक शिक्षण के ऑनलाइन उपस्थित के आधार पर ही वेतन भुगतान किए जाने के आदेश का तीव्र विरोध किया है। संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि संचालक के उक्त आदेश में कहा गया है कि जितने दिन की उपस्थित ऑनलाइन दर्ज होगी उतने ही दिन का वेतन भुगतान किया जाएगा इसका सबसे ज्यादा नुकसान उन शिक्षकों को होगा जो दूरस्थ, दुर्गम स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं, जहां नेटवर्क बहुत ही कमजोर या नेटवर्क विहीन है। वर्तमान में वीएसके एप नई राजधानी, रायपुर के आसपास एवं मैदानी इलाकों में भी काफी कठिनाई से कार्य कर पा रहा। नेटवर्क की समस्या, सर्वर की खराबी तकनीकी त्रुटि या ऐप की विफलता का खामियाजा शिक्षकों पर डालना किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। श्री तिवारी ने संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर मांग की है कि ऑनलाइन उपस्थित में आने वाली तकनीकी समस्याओं का पहले स्थाई समाधान निकाला जाए, किसी भी शिक्षक का वेतन केवल तकनीकी त्रुटि के आधार पर न रोका जाए, यदि किसी तरह की विसंगति हो तो उपस्थित का सत्यापन संस्था प्रमुखों, प्रधान पाठक प्राचार्य से करवाया जाए न कि वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि इस तरह के नकारात्मक एवं दंडात्मक आदेशों से शिक्षकों की शैक्षिक अभिरुचि एवं सृजनात्मकता में क्षरण ही होता है, अतः राज्य सरकार को इस पर पुनर्विचार करते हुए सहयोगात्मक रुख अपनाना चाहिए।

# नगर के जागृत शिवजी में सावन माहभर रुद्राभिषेक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

श्रावण मास पर नगर स्थित श्रीबालाजी दरबार में स्थापित जागृत भगवान शिव के श्री विग्रह पर संपूर्ण सावन माह तक रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातःकाल वैदिक ब्राह्मणों के सान्निध्य में रुद्रपाठ, महामृत्युंजय मंत्रोच्चार, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन संपन्न होगा। मंदिर के सेवक पं धनंजय शर्मा ने बताया श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी उद्देश्य से श्रीबाला जी दरबार में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता एवं मंगल की कामना करेंगे। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से सजाया गया है, जिससे भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शिव आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। श्रीबाला जी दरबार परिवार ने खरोरा नगर एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सावन माह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक करें तथा पुण्य लाभ अर्जित करें।धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास में श्रद्धा एवं विधि-विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने से समस्त कष्ट दूर होते हैं, मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

# मुख्यमंत्री टोल फ्री नंबर 1076 से हुआ नहर मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री टोल फ्री नंबर 1076 की शुरुआत की है, जिसमें जनहित के अच्छा कार्य हो रहा है, जो स्वागत योग्य है। यदि प्रदेशवासियों ने जनहित के कार्य करवाएंगे तो निश्चित ही हो रहा है, जिसका ताजा उदाहरण सिंचाई विभाग कार्यालय भटगांव के अन्तर्गत बिला व्यपवर्तन नहर वर्षों से दम तोड़ चुका था। और अनेक जगह नहर टूट गई थी और झाड़ियों की भरमार थी, जिससे नहर का नामों निशान मिट गया था। इसे मरम्मत करवाने के लिए डॉ. टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष गोपालपुर ने मुख्यमंत्री टोल फ्री नंबर 1076 में शासन प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराया। जिस पर सुधार करवाया और झाड़ियों की सफाई की गई। इससे क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है।

ज्ञात हो कि बिला व्यपवर्तन नहर में धोराभाठा, साजापाली, खम्हरिया, गोपालपुर, मधुबन खुर्द, पीपरभवना, तेंदुआ, बेन्दुवा के किसानों के सैकड़ों एकड़ किसानों के खेत की सिंचाई होगी। उक्त कार्य को सहायक अभियंता कविता चौधरी ने शासन के आदेश को पालन करते हुए, नहर के मरम्मत करवाने के लिए स्थल में उतरे, लेकिन अभी के स्थिति में नहर के अंतिम टेल तक पानी पहुंच रही है। आगामी वर्ष में नहर की मरम्मत होगी, तो किसानों को अपने खेतों के सिंचाई के लिए तकलीफ नहीं होगी व किसानों के आय में वृद्धि होगी व सबल मिलेगा।

# खरोरा में गुरु अमर दास जयंती का आयोजन आज

**खरोरा।** गुरु पूर्णिमा पर बाबा गुरु घासीदास के ज्येष्ठ पुत्र गुरु अमर दास की स्मृति में जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। इसमें गुरु अमर दास को स्मरण करते हुए 29 जुलाई, बुधवार संध्या 4 बजे पवित्र जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर मंगल आरती एवं गुरु प्रसादी का कार्यक्रम होगा। सतनामी संगठन खरोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष श्याम सुंदर बांधेय ने बताया कि प्रतिवर्ष यह आयोजन होते आ रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आमंत्रित करते हुए सपरिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में आने का अपील की है।




# रोगों से बचने योग के बताए गए अनेक तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत ससहा में सरपंच मिथलेश मुकेश साहू के नेतृत्व में महिला पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी मीना साहू द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर के माध्यम से बढ़ते उम्र की समस्या जैसे लकवा, घुटना दर्द, साइटिका गर्भाशय संबंधी विकार, हार्ट अटेक योग के माध्यम से इन सबसे कैसे बच सकते हैं योग आसन प्राणायाम में बताया गया। उन्होंने घर घर आयुर्वेद जैसे आंवला, एलोवेरा, गिलोय, पत्थरचट्टा, पुदिना, नागदोन, सदाबहार, दौना लगाने के लिए प्रेरित किया। तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे ने बच्चे बूढ़े सबके लिए योगाभ्यास बताया तथा नियमित दिनचर्या आहार विहार की जानकारी दी। कार्यक्रम में गांव की मातृशक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें सारिका साहू, सविता साहू, ललिता साहू, खिलेश्वरी, शकुंतला, हेमकुमारी, शोभना, उमा, प्रमिला, गंगा पाण्डेय, सकुन, मोंगरा, प्रेमा, गीता साहू, उषा, गीता यादव, ईशु,कोमल, कमला वर्मा शामिल थीं।

**छूटे हुए स्कूली बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश**

# सुगम आवागमन के लिए जर्जर सड़कों की मरम्मत में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम में सुगम आवागमन हेतु जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि कई मुख्य एवं ग्रामीण सड़कें बारिश के कारण और अधिक जर्जर हो गई है, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बढ़ जाती है। ऐसी सभी सड़कों का पैच रिपेयर कार्य तेजी से लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूली बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा क़ि अब तक़ जिन बच्चों का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है उनके लिये स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर विशेष अभियान चलाएं और समय - सीमा के भीतर पूरा कराएं।

कलेक्टर ने ई -ऑफिस के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए राज्य शासन की मंशा अनुसार सभी फाइलों का मूवमेंट एवं पत्राचार शत प्रतिशत ई-ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स,मुख्यमंत्री जनदर्शन,सीएम हेल्पलाइन, स्वामित्व योजना,एग्रीस्टेक पंजीयन, सेवा सेतु पोर्टल आदि की समीक्षा की। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते,ए. आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### सुपोषित बचपन अभियान की समीक्षा

कलेक्टर ने सुपोषित बचपन अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को पौष्टिक लड्डू वितरण की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने तथा अनियमितता पर सीडीपीओ पर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने बरसात के मौसम में गुणवत्तापूर्ण लड्डू निर्माण हेतु स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों में ही निर्माण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों में पोषण वाटिका निर्माण की समीक्षा करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी को निर्देशित किया क़ि सभी आश्रम -छात्रावासों में उपयुक्त स्थान पर पोषण वाटिका का निर्माण कराएं।

